आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–11 जनवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में हर क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। यह प्रदेश अब बिमारू राज्य के दायरे से बाहर हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास से यहां सुशासन स्थापित हुआ है। श्री जयवीर सिंह आज से गोरखपुर के चम्पा देवी पार्क में शुरू हुए 'गोरखपुर महोत्सव' के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास और सुशासन का परिणाम है कि प्रदेश में पर्यटन उद्योग तेजी से विकसित हुआ है।

लंबी छलांग लेते हुए वो प्रदेश जिन प्रदेश को लोग बिमारू राज्य कहा करते थे। जिस प्रदेश को लोग दिन हीन मानते थे। जिन प्रदेश में बारे में कहा करते थे कि उत्तर प्रदेश की छिनैती, डकैती, लुटैती कोई दूर नही कर सकता था। येह से प्रदेश को आज हर क्षेत्र में चाहे लॉ इन आर्डर का हो डेवलपमेंट का हो हर क्षेत्र में जिस तरिके से नये नये कीर्तिवन आदरणीय योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हुए है। ये सबको और खास रूप से उत्तर प्रेश भारतियों को गौरववान्वित करने वाले है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रदेश में अब तक 173 करोड़ पर्यटकों का आगमन हो चुका है। उन्होंने कहा कि 'गोरखपुर महोत्सव' अब पूर्वांचल की पहचान बन गया है। शुभारंभ कार्यक्रम में सांसद रवि किशन और महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। यह महोत्सव सात दिन तक चलेगा।

****

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि 'मनरेगा' को विकसित भारत जी राम जी अधिनियम में बदल देने से रोजगार की गारंटी बढ़ी है। इस अधिनियम के तहत 100 के स्थान पर 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गयी है। श्री मौर्य आज वाराणसी के सर्किट हाउस में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस नये अधिनियम में श्रमिकों के समय से भुगतान का प्रावधान किया गया है। महराजगंज में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए प्रदेश सरकार के मंत्री दया शंकर मिश्र दयालु ने जी राम जी अधिनियम को पारदर्शी बताया है उन्होंने कहा है कि इसमे उन तमाम कमियों को दूर किया गया है, जो मनरेगा में थी। श्री मिश्र ने कहा कि जी राम जी योजना में कार्य होने के 60 दिन के अंदर भुगतान की व्यवस्था की गयी है। यदि इस निर्धारित अवधि में भुगतान नही हो पाता है तो श्रमिकों को उन्हें मिलने वाली धनराशि पर व्याज दिया जाएगा।

****

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म '**एक्स**' ने माना है कि सामग्री को मानक के अनुरूप बनाए रखने में उससे गलती हुई है। यह मामला तब उजागर हुआ था जब इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक्स को नोटिस भेजकर अश्लील सामग्री हटाने को कहा था। एक रिपोर्ट–

एक्स के मुख्य अनुपालन अधिकारी को लिखे पत्र में मंत्रालय ने कहा था कि उपयोगकर्ता ग्रोक एआई का इस्तेमाल महिलाओं की अश्लील तस्वीरें और वीडियो बनाकर साझा करने के लिए कर रहे थे। मंत्रालय ने कहा कि इस प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री को एक्स पर स्थान देना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और आईटी नियम का उल्लघंन है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक एक्स ने जांच के बाद लगभग तीन हजार 500 सामग्री को ब्लॉक कर दिया है और 600 से अधिक अकाउंट हटा दिए गए है। सूत्रो ने कहा कि एक्स ने यह आश्वासन भी दिया है कि वह भविष्य में आपत्तिजनक सामग्री डालने की अनुमति नहीं देगा। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मनोज।

****

प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार करने के लिए होम स्टे और ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट योजना पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 14 से 30 जनवरी तक प्रदेशव्यापी जागरूकता अभियान चलाएगा। यह अभियान प्रदेश के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों वाले शहरों में चलाया जाएगा, जिसमें योजना के प्रचार–प्रसार के साथ लंबित प्रस्तावों का परीक्षण कर योग्य आवेदकों को तत्काल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। विभाग ने इस अभियान के लिए प्रति जनपद 2 लाख रुपये का बजट आवंटित किया है, जो जागरूकता कार्यक्रमों एवं प्रचार–प्रसार सामग्री पर खर्च किया जाएगा।

****

प्रधानमंत्री की **परीक्षा पे चर्चा** कार्यक्रम के लिए इस वर्ष अब तक चार करोड़ से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष तीन करोड़ 56 लाख के गिनिज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को पार कर चुका है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बताया कि यह पहल 'वार्षिक संवाद कार्यक्रम' से आगे बढ़कर विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का तनाव दूर करने का राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन चुका है।

****

इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के अन्तर्गत लखनऊ में कल से 23 जनवरी तक एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन टेक्नोलॉजी सहित कुल 20 स्किल्स में राज्य स्तरीय स्किल्स कम्पटीशन का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि 'इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025' के लिए प्रदेश में एक लाख नौ हजार दो सौ उन्चास अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है।

****